# जनपद कार्यालय के नल के हाल बेहाल

**खास बातें**

- जल जीवन मिशन की नल जल योजना की हालत खराब
- जगह-जगह हो रहे वॉल लीक
- अपनी नाकामी छिपाने ग्रामीणों की मोटरें उठा ली,ग्रामीणों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**नटेरन 15 नवम्बर, जल जीवन मिशन अंतर्गत हिनोतिया सगल बांध परियोजना से नटेरन में पानी सप्लाई होता है लेकिन पांच साल बाद भी जल जीवन मिशन नटेरन में सभी घरों के नलों में पानी नहीं पहुंचा पाया है.आधे ग्राम दो दिन में एक दिन नल चलते हैं और आधे ग्राम में पंचायत के भरोसे है. मोटर जल जाए तो एक एक महीने मोटर ही नहीं सुधारवाई जाती है.**



नटेरन में जल जीवन मिशन का नहीं कर पा रहा पानी.प्रधानमंत्री की करोड़ों की हर घर नल से जल योजना को जल जीवन मिशन को पलीता लग रहा. बॉल लीक होने की बजह से पानी सड़क पर फैलता रहता है और ऊपर के नलों पर पानी नहीं पहुंचता बोलो को सुधारने की जगह ग्रामीणों की मोटरों उठा कर ली जब नलों में पानी नहीं पहुंचता इसलिए ग्रामीण मोटर चलाते है.लेकिन प्रशासन जल मिशन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश है. रघुवीर सिंह एवं खुमान सिंह रघुवंशी ने बताया कि आज तक कभी नहीं बताया कि मोटर न चलाए एवं न ही नोटिस दिया गया एवं बगैर सूचना के मोटर उठाकर ले गए. बस स्टैंड में मंदिर के पास ही एक महीने से वॉल लीक हो रहा है जिसमें पानी बर्थ फैलता रहता है और सड़क पर कीचड़ हो रही हे और नलों में पानी नहीं पहुंचता.जनपद कार्यालय के नल को देखकर ही अंदाजा लग रहा है कि जब जहां मुख्यालय के नल की ही ये हालात हैं तो ग्राम के घरों के भी हालात और बदतर हैं नटेरन मुख्यालय पर कहीं नल कही नली और सप्ताह में दो दिन आता हे पानी,संबंधित अधिकारी से इस संबंध में बात करना चाही तो मोबाइल उठाना भी मुनासिब नहीं समझा.

# शीतलहर से तापमान में आई गिरावट

**क्षेत्र में सर्दी ने दी दस्तक**

**लोग सर्दी से बचाव के कर रहे उपाय**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 15 नवम्बर, क्षेत्र में इन दिनों सर्द हवाओं से तापमान में गिरावट दिखाई दे रही है. क्षेत्र में सुबह एवं शाम को तापमान में कमी आने से वातावरण में ठंडक दिखाई दे रही है. जिससे लोगों की दिनचर्या में भी बदलाव दिखाई दे रहा है.**



क्षेत्र में इन दिनों सर्दी ने दस्तक दे दी है. सर्द हवाओं के कारण सुबह एवं शाम के तापमान में कमी होने से ठंडक का माहौल है. लोग सर्दी से बचाव के लिए सुबह एवं शाम को अलाव भी जलाने लगे हैं. वही लोगों ने सुबह एवं शाम को गर्म वस्त्रों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है. जिससे सर्दी से बचा जा सके. क्षेत्र में रात्रि के तापमान में गिरावट आई है. हालांकि दिन में अभी भी धूप निकलने से लोगों को सर्दी का अहसास ज्यादा नहीं होता है. लेकिन शाम होते ही लोगों को सर्दी का अहसास होने लगता है. वहीं क्षेत्र में सुबह एवं शाम को ठंडक का मौसम होने से लोगों की दिनचर्या में भी बदलाव दिखाई देने लगा है. वातावरण में ठंडक के कारण रात में भी बाजारों में लोगों की कमी दिखाई देने लगी है. वहीं आगामी दिनों में सर्दी में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है. सर्दी से बचाव के लिए लोग सुबह शाम अलाव एवं गर्म वस्त्रों का सहारा लेने लगे है. वही किसान मोहन रघुवंशी ने बताया कि इस मौसम से रवि की फसलों को फायदा होगा.

## जांच के दौरान 12 चोरी के प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** विद्युल विभाग द्वारा सिरोंज शहर के प्रबंधक ने बताया कि शनिवार को महाप्रबंधक विदिशा वृत्त उपमहाप्रबंधक कमलेश दास, उपमहाप्रबंधक विमल कुमार, उपमहाप्रबंधक सतर्कता गोपाल सिंह नावरे, प्रबंधक सर्तकता योगेश डामोर, प्रबंधक सुशील समेले, सहा. प्रबंधक अमान सिंह कुशवाह द्वारा समस्त अधिकारी के चार दल गठित कर चेकिंग के दौरान 12 चोरी के प्रकरण दर्ज कर लगभग 2.50 लाख के प्रकरण दर्ज किये गये. एवं बड़े बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदित किये गये और एक लाख से ऊपर के बकायादार उपभोक्ताओं के सर्विस लाईन सहित मीटर जब्त किये गये.

## किसानों ने की नहर का पानी बंद कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज**, ग्राम उमरिया तथा बेरखेड़ी के किसानों ने सिंचाई विभाग से नरेन बांध से आ रहे नहर का पानी तत्काल बंद कराने की मांग को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में खेतों में पहले से ही पर्याप्त नमी है. इस समय फसलों को अतिरिक्त पानी की आवश्यकता नहीं है. ऐसे में नहर से लगातार आ रहा पानी उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है. उन्होंने कहा कि अनावश्यक पानी से खेतों में जलभराव की स्थिति बन रही है. जिससे फसलों को नुकसान पहुंच रहा है. किसानों ने विभाग से नहर का पानी तत्काल बंद किये जाने की मांग की. जिससे उनकी फसलें सुरक्षित रह सकें. इस दौरान किसान शुभम शर्मा, देवेंद्र राजपूत, गणेश राम शर्मा, फूल सिंह राजपूत, दोराब सिंह, मनोज शर्मा, देवप्रसाद शर्मा, कदीर खान, सुनील शर्मा, सूरत राम शर्मा आदि किसान शामिल थे.

## हादसे में नपाध्यक्ष की बेटी की मौत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू की बेटी मोनिका साहू का शुक्रवार को एक सड़क हादसे में दुखद निधन हो गया. इस दुखद घटना की जानकारी मिलने पर शहर में शोक की लहर छा गई. इस मौके पर शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों सहित विभिन्न संगठनों के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की.**



जानकारी के अनुसार नपाध्यक्ष मनमोहन साहू की बेटी मोनिका साहू को बिहार में किसी परीक्षा में सम्मिलित होना था. जिसके कारण शुक्रवार को मोनिका अपने भाई के साथ दो पहिया वाहन से बीना की ओर जा रही थी. वह बीना पहुंचकर ट्रेन से बिहार जाने वाले थे. इस बीच सिरोंज-कुरवाई रोड पर रास्ते में दुर्घटना घटित हो गई. जिसमें दोनों भाई-बहन घायल हो गये. बाद में उन्हें घायल अवस्था में सिरोंज के एक अस्पताल लेकर आये. जहां से गंभीर चोट के कारण मोनिका को भोपाल रेफर कर दिया गया. वहीं रौनक का इलाज जारी है. जिसके बाद भोपाल जाते समय रास्ते में मोनिका का निधन हो गया. इस घटना की जानकारी लगते ही शहर में शोक की लहर छा गई. इस मौके पर शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों सहित विभिन्न संगठनों के लोगों ने शामिल होकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की.



## जन मन से बनी आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पठारी,** ग्राम पंचायत बड़ोह में जनमन योजना अंतर्गत 11 लाख 97 हजार की लागत से बनी आंगनवाड़ी का वर्चुअल लोकार्पण किया गया बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत बड़ोंह के सरपंच विपेंद्र सिंह चौहान सचिव गोविंद सिंह राजपूत महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी सावित्री श्रीवास्तव पर्यवेक्षक विमी शर्मा बडोह सेक्टर सुपरवाइजर संगीता शर्मा जीआरएस शैलेंद्र जैन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खुशबू पंथी सपना कुशवाहा हेमलता अहिरवार आरती कुशवाहा एवं समस्त आंगनबाड़ी सहायिकाएं मौजूद रही.

## वाहन रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, न्यायोत्सव के तहत आम जनमानस में विधिक जागरूकता हेतु शुक्रवार को वाहन रैली निकाली गई. जिसमें अभिभाषकों, न्यायालयीन कर्मचारियों, विधिक सेवा समिति और पैरालीगल सदस्यों ने भाग लिया.**



वाहन रैली को न्यायाधीश मोना शुक्ला एवं न्यायाधीश अंकिता जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. वाहन रैली सिरोंज न्यायालय परिसर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुन: न्यायालय परिसर पहुंची. इस दौरान अभिभाषक संघ सिरोंज के अध्यक्ष कपिल त्यागी, सचिन शर्मा, हेमेंद्र श्रीवास्तव, सोनू गौड़, मनोहर रघुवंशी, अशोक शर्मा, अवध नारायण श्रीवास्तव, ओमबाबू भार्गव, प्रकाश शर्मा, रामस्वरूप यादव, मदन मोहन गुजराती, अशोक निगम, धर्मेंद्र रघुवंशी, पीयूष चौरसिया, प्रवेंद्र दांगी, रणधीर सिंह सूर्यवंशी, जाहिद, अमित रघुवंशी, दीपेश रघुवंशी, रोहित रघुवंशी, नितिन मित्तल, असलम सिद्दीकी, अरविंद सोनी, अंकेश धाकड़ आदि मौजूद रहे.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो 84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## बाल दिवस पर बच्चों ने 1 करोड़ 11 लाख राम नाम लिखने का लिया संकल्प

**कोमल मन की स्याही अब होमवर्क की तरह रोज लिखेगी राम नाम**

**श्री राम नाम बैंक का अनूठा आयोजन**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** बाल दिवस का अवसर हो और वातावरण में बालपन की चंचलता के साथ भक्ति की सुवास घुल जाए, अमूमन ऐसा दृश्य कम ही देखने को मिलता है. लेकिन इस वर्ष का बाल दिवस भक्ति, अनुशासन और संस्कारों के उत्सव की विशेष आभा से उस समय जगमगा उठा, जब नगर की श्रीराम नाम बैंक की गंज शाखा ने बच्चों के लिए एक ऐसी आध्यात्मिक पहल की, जिसने बाल दिवस को स्मरणीय और प्रेरक बना बनाते हुए कोमल मन को सनातनी संस्कारों से जोड़ दिया.संतों की मौजूदगी में बाल दिवस पर श्री राम नाम लिखने वाली 1100 छोटी पुस्तिकाओं का विमोचन हुआ.

कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों के बीच इन पुस्तिकाओं का वितरण किया गया.कार्यक्रम में राम नाम की महिमा सुनकर बच्चों ने होमवर्क के साथ-साथ इन पुस्तिकाओं में रोज एक पेज राम नाम लिखने का संकल्प लिया.अब इन पुस्तिकाओं में बच्चों द्वारा एक करोड़ 10 लाख राम नाम लिखकर श्रीराम नाम बैंक में जमा किया जाएगा.उल्लेखनीय कि अयोध्या की राम नाम बैंक से प्रेरणा लेकर करीब 20 वर्ष पूर्व नगर में प्रारंभ हुई श्री राम नाम बैंक 20 हजार खातेधारी भक्तों के सहयोग से अब तक करीब 2 अरब राम नाम लिखी पुस्तकें अयोध्या में जमा कर चुकी है. बैंक द्वारा अब 5 अरब राम नाम के पवित्र संकल्प को पूरा करने के लिए इसी कड़ी में स्कूली बच्चों को भी सनातनी परंपराओं से जोड़ते हुए राम नाम पुस्तिकाओं का विमोचन बैंक की गंज शाखा में हुआ जहाँ आयोजित कार्यक्रम में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी जी महाराज ने के बच्चों को राम नाम की आध्यात्मिक ऊर्जा से होने वाले फायदे के बारे में बताया.राम नाम ऐसा शब्द है, जो असंभव को भी संभव बना देता है. त्यागी जी महाराज के आशीष वचनों से प्रेरित होकर स्कूली बच्चों ने संकल्प लिया कि वह होमवर्क के साथ-साथ रोज एक पेज राम नाम लिखेंगे.

### रामायण प्रश्नोत्तरी ने बच्चों में जगाया उत्साह

कार्यक्रम में मौजूद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस ईकाई के बच्चों से राम, रामायण और श्रीराम के आदर्शों पर प्रश्न पूछे गए. सही उत्तर देने वाले स्कूली बच्चों को सम्मान पूर्वक पुरस्कार प्रदान किए गए. इसके बाद बच्चों को श्री राम नाम बैंक गंज का अवलोकन कराया गया. जहाँ बैंक में भक्तों द्वारा जमा की गईं, 30 करोड़ से अधिक राम नाम लिखी पुस्तिकाओं भक्ति का अनुपम भंडार देखकर बच्चे काफी अभिभूत हुए. राम नाम बैंक के संचालक गिर्राज रघुवंशी ने बताया कि विमोचित हुई पुस्तकों में नगर के स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएँ मिलकर एक करोड़ 11 लाख राम नाम लिखेंगे.

**आयोजन** — जिलेभर में आयोजित हुए कार्यक्रम, मनी जयंती

# जनजातीय महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से सम्बद्ध नवांकुर सर्व धर्म जनकल्याण सेवा समिति द्वारा ग्राम भाऊखेड़ी में जनजातीय महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस मौके पर श्री लालाराम स्मृति समाज सेवा समिति के प्रमुख लक्ष्मण सिंह रघुवंशी ने इमलानी में तथा कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति के प्रमुख रामचरण कुर्मी ने भी ग्रामों में पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किये. इस अवसर भाऊखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने जनजातीय महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान का स्मरण किया. साथ ही ग्रामीणों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने का संदेश दिया. समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. इमलानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए ग्रामीणों को अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया. साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में संस्था सदस्य आदेश बड़सरे, प्रदीप बघेल, किशोर सिंह, देवेंद्र आदिवासी, ब्रजेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.





### जनजातीय गौरव दिवस पर हुए आयोजन

सिरोंज, शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में 1 नवंबर से 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये. कार्यक्रम में जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जनजातीय जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. डॉ. कल्पना पंचोली ने जननायक भगवान बिरसा मुंडा के जीवन के बारे में बताया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी विचार प्रस्तुत किए. प्रो. संघ प्रिय गौतम, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने भी विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम का संचालन कल्पेश चौधरी ने किया. कार्यक्रम में वीरेंद्र सेन, बीएल टाडेकर, आनंद यादव, लखन यादव, शिवचरण पंथी, चंद्रप्रकाश सेन एवं दातारी सहित स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की.

### सेंटमेरी पीजी कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर हुई विचार गोष्ठी, रक्तदान

स्थानीय सेंट मैरी पीजी कॉलेज में आज जनजातीय गौरव दिवस बिरसा मुंडा जयंती हर्षोल्लास से मनाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श एवं बलिदान भारत के इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय की बात प्रो अरविंद द्विवेदी एवं प्रो दीपा राठौर द्वारा बताई गई. इस प्रसंग पर संस्था संचालक फादर सिंटो ने रक्तदान के महत्व को बताते हुए, रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया ,साथ ही प्रो दीपा राठौर ने रक्तदान एवं रक्त से संबंधित तकनीकी जानकारी उपस्थित छात्रों को दी. इस रक्तदान शिविर में संस्था संचालक फादर सिंटो ,फादर लीजो मैनेजर छाबड़ा हाई सेकेंडरी स्कूल मंडीदीप, सिस्टर राजेश्वरी कार्यक्रम अधिकारी प्रो अरविंद द्विवेदी, प्रो दीपा राठौर कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई प्रो शैलेंद्र, प्रो नारायण, खुशी शर्मा सहित अनेक छात्र-छात्राओं रक्तदान किया.

### कुरवाई में नवांकुर संस्था ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से चयनित नवाकुर संस्था सिरावदा प्रगति सेवा समिति मेहलुआ सेक्टर विकासखंड कुरवाई के द्वारा शनिवार को मेहलुआ सेक्टर के ग्राम सिरावदा में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई.भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर संस्था के अध्यक्ष अर्जुन सिंह कुशवाहा के द्वारा प्रकाश डाला गया बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना की गई.कार्यक्रम का संचालन समन्वयक मुन्नालाल कुशवाहा के द्वारा किया गया.भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव दिवस में उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि राम कुमार यादव माला पंचायत के सचिव इकबाल खान, कार्यकर्ता पुष्पा शर्मा, रिंकी दुबे समिति के सदस्य पारस शर्मा, कल्याण सिंह कुशवाहा, गंगाराम कुशवाह, राहुल कुशवाहा, शुभम दुबे, सुनील शर्मा, अवध नारायण दुबे, लक्ष्मण सुकुमार दुबे, पूरन सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. नगर कुरवाई में आदिवासी जनजातीय गौरव दिवस पर नगर के पूर्व पार्षद लालू पेंटर की अध्यक्षता में आयोजक पप्पू शहरिया के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र अहिरवार, राजेश सहरिया, धर्मेंद्र हिंदुस्तानी, शैलेंद्र शिल्लू के द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला गया.

### पठारी में मनी भगवान बिरसा मुंडा जयंती

नगर में शनिवार को ग्राम पंचायत भवन में अहिरवार समाज एवं आदिवासी सहरिया समाज संघ के तत्वाधान में आदिवासी समाज के जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाया गया. आदिवासी जयंती में आदिवासी पुरुष महिलाएं एवं अहिरवार समाज संघ के सात सर्व समाज के लोग एकत्रित हुए जिसमे भगवान बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर फूल माला अर्पित की गई एवं उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया. इस दौरान निशांत पंथी रवि रिछारिया रघुवर बौध्द ने कहां की भगवान बिरसा मुंडा एक पश्रिमी एवं क्रांतिकारी थे वही अहिरवार समाज संघ की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आरती चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी दलितों के लिए इतना कुछ किया है कि हम कह नहीं सकते उन्होंने सर्व समाज को एक साथ चलने की प्रेरणा दी है इस दौरान महिंद्र राम गौड सचिन गोविंद सिंह राजपूत रोजगार सहायक मुकेश जैन जीवन अहिरवार रवि शंकर साहू चित्र यादव आदि अहिरवार समाज आदिवासी एवं सर्व समाज के नागरिक उपस्थित रहे.

# तीन करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से हुआ 6 अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण

**सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में हुआ 6 अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग की अधोसंरचना विकास अंतर्गत 353.09 लाख रूपये की लागत से 6 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर हरि सिंह रघुवंशी विधायक गंज बासौदा-ग्यारसपुर के मुख्य अतिथ्य, श्रीमती शशि अनिल यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गंज बासौदा की अध्यक्षता, श्रीमती नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत गंज बासौदा के विशेष अतिथ्य,कांति भाई शाह वरिष्ठ समाजसेवी एवं भूमि दानदाता तथा श्रीमती प्रीति रानी श्रीवास्तव अध्यक्ष जन भागीदारी समिति के कर कमलो द्वारा विस्तारित भवन का लोकार्पण किया गया.**



कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण से हुआ इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति ने महाविद्यालय का ऐतिहासिक पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुये छात्राओं के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियों को स्पष्ट करते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. अगले क्रम में जन भागीदारी अध्यक्षा श्रीमती प्रीति रानी श्रीवास्तव द्वारा 6 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण एवं तीन वर्षों के कार्यकाल में निरंतर महाविद्यालय नये आयाम स्थापित करने पर शुभकामनाएं दी हैं.इसके लिए उन्होंने स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया एवं विधायक से छात्राओं के हित में ग्राउंड का समतलीकरण करने एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय का आग्रह किया. कार्यक्रम की अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा अपने उद्बोधन में उन्होने कहा कि कालेज लाइफ भविष्य का निर्माण करती है एवं परिवार चलाने की क्षमता का विकास करती है. 18 से 25 वर्ष की उम्र एक महत्वपूर्ण उम्र होती है इसमें हमें प्रोत्साहित करने वाली मित्र बनना चाहिए.जो हमें प्रोत्साहित करें.अगले क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भूमि के दानदाता कांति भाई शाह ने अपने परिवार के प्रति धन्यवाद किया कि उनकी दी हुई भूमि पर आज यह शिक्षा का मंदिर स्थापित है. मोबाइल का सदुपयोग करने की सलाह दी एवं स्टाफ को धन्यवाद दिया उद्बोधन के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक ने भारत माता की जय की व्याख्या करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और महाविद्यालय की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और साथ ही महाविद्यालय प्रशासन से आगामी निर्माण, समतलीकरण हेतु मुलाकात करने का सुझाव दिया और महाविद्यालय द्वारा प्रतिवेदन पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रकट की साथ ही पर्यावरण संबंधी जागरूकता के लिए प्रत्येक छात्र से एक वृक्ष लगाने की अपील भी की.इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा कुमारी रागिनी राजपूत एवं नंदिनी द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की.अंत में प्रचार्य महोदया द्वारा सभी अतिथियों को साल, श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया. कार्यक्रम का सफल संचालन अनुराग जैन एवं आभार शिव कुमारी रघुवंशी मैडम द्वारा किया गया.इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं, गणमान्य नागरिक ,पत्रकार बंधु एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही.